## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.2(ग)एसीपी/1976–III/अलेसे–I/ 1089 दिनांक :– 31.07.2020

### आदेश संख्या–129/2020–21

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर द्वारा एस.बी.सिविल रिट पीटिशन संख्या 1180/2013 एवं 3985/2012 में पारित आदेश दिनांक 26.07.2016 एवं संशोधन आदेश दिनांक 26.09.2016 श्री रतन प्रकाश दर्जी बनाम सरकार की अनुपालना में राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.11(7)वित्त(नियम)2008 दिनांक 12.09.2008 एवं आदेश संख्या एफ.11(7)वित्त (नियम) पार्ट–I/2008 दिनांक 06.10.2008 के अनुसरण में श्री रतन प्रकाश दर्जी, तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी, जिनकी जन्म तिथि 15.05.1955 है, एवं जिन्होंने लेखाकार के पद पर (सीधी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर) दिनांक 01.11.1977 को कार्यग्रहण किया था तथा राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा में 27 वर्ष एवं अधिक की राजकीय सेवा निरन्तर एवं संतोषजनक रूप से पूर्ण कर ली है को नवीन वेतनमान 2008 लागू होने के कारण एसीपी देय हुई है। श्री दर्जी को दिनांक 01.01.2006 (नकद लाभ दिनांक 01.01.2007 से देय होगा) को लेखाकार पद की तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी) पे–बेण्ड 3 (15600–39100), ग्रेड पे 6000/– में स्वीकृत की जाती है।

श्री रतन प्रकाश दर्जी, सहायक लेखाधिकारी को वित्त विभाग के आदेश ज्ञापन संख्या प.14(88)वित्त/नियम/2008 दिनांक 31.12.2009 में दी गई शर्तों के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण–पत्र तथा संतान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) स्वीकृत की जाती है।

श्री रतन प्रकाश दर्जी, सहायक लेखाधिकारी का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित अधिकारी संशोधित वेतनमान–2008 के अन्तर्गत ग्रेड पे 5400/– में वेतन प्राप्त कर रहा है तथा पूर्व में इन्हें तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) स्वीकृत नहीं की गई है। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से संबंधित सहायक लेखाधिकारी की सेवापुस्तिका में की जावे।

(मुकुन्द सीहोनी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ.2(ग)एसीपी/1976–III/अलेसे–I/ 1089 दिनांक :– 31.07.2020

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. मुख्य अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. श्री रतन प्रकाश दर्जी, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी, निवासी प्लॉट नं0 बी–144, जगदम्बा नगर, हीरापुरा, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)